हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 15 जुलाई 2025



तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

विधिक साक्षरता से मिलेगा अधिकारों का ज्ञान : शिवहरे 4



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

# पढ़ाई-लिखाई छोड़ धान बिनाई करा रहे थे शिक्षक, दूसरे परिसर में मिले टहलते

## जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने सिलादेही प्रायमरी स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सिलादेही प्रामयरी स्कूल के बच्चे पढ़ाई लिखाई छोड के धान बिनने में लगे हुए थे। दरअसल उन्हें कक्षा शिक्षक ने इसी पर काम पर लगाया हुआ था और वे स्वयं भी थाली में धान लेकर बीनते नजर आए। यहीं नहीं यहां पदस्थ दूसरे शिक्षक परिसर में टहलते मिले तो तीसरे को अर्जित अवकाश में होना बताया गया। ऐसे में यहां बच्चों की पढ़ाई भगवान भरोसे रही। यह पूरा मामला जिला पंचायत उपाध्यक्ष के औचक निरीक्षण के दौरान सामने आया।

सप्ताह के पहले दिन सोमवार 14 जुलाई को जिला पंचायत के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा स्थायी समिति के अध्यक्ष गगन जयपुरिया बम्हनीडीह ब्लाक अंतर्गत सिलादेही के शासकीय प्राथमिक शाला में औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। बताया जाता है कि श्री जयपुरिया दोपहर 12 बजे के करीब स्कूल पहुंचे थे। इस दौरान वहां का जो नजारा दिखा, उससे वे भी चकित रह गए। कक्षा चौथी एंव पांचवी के बच्चे थाली में धान रखे हुए थे और उसमें से मिट्टी, कंकड और अनुपयोगी दानों को निकाल रहे थे। सभी बच्चों के हाथ में एक एक थाली धान रखा हुआ था। इतना ही नहीं उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षक गोपी कुमार भी टेबल पर धान रखकर इसी काम में व्यस्त थे। पूछने पर पता चला कि शिक्षक अपने घर से धान लेकर आए है। जिसे बीनने का काम स्कूल में बच्चों से कराया जा रहा है। इतना ही नहीं दूसरे कक्ष में जानकारी मिली तो वहां के शिक्षक शाला परिसर में टहलते मिले, जबकि शाला में पदस्थ तीसरे शिक्षक को अर्जित अवकाश में होना बताया गया। श्री जयपुरिया ने बताया कि औचक निरीक्षण में जो हालात नजर आए, उसकी पूरी जानकारी शिक्षा विभाग और प्रशासन के अधिकारियों को दी गई है। मौके पर पंचनामा भी तैयार किए है। इस तरह के मामले में कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए व्यवस्था सुधारने कहा गया है।

### करने लगे मिन्नतें

औचक निरीक्षण में पहुंचे जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया के साथ उनके सहयोगी ने वहां के पूरी स्थिति को मोबाइल कैमरे में कैद किया। कैमरे में क्लास रूम और परिसर की स्थिति रिकार्ड होते ही शिक्षक भी सकते में आए और उन्होंने मिन्नतें करनी शुरू कर दी। बताया जाता है कि इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष द्वारा पूरे हालात का पंचनामा तैयार कराया गया और उसे विभागीय अधिकारियों को भेजा गया। बहरहाल इस तरह के औचक निरीक्षण और शिक्षकों द्वारा पढ़ाई लिखाई की जगह धान बिनवाने का काम कराते हुए वीडियो के सोशल मीडिया में वायरल होने के साथ शिक्षा विभाग की किरकिरी होने लगी है।

## खबर संक्षेप

### फेडरेशन द्वारा 16 को निकाली जाएगी वादा निभाओ रैली

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन तहसील शाखा अकलतरा के बैनर तले 16 जुलाई को वादा निभाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली ब्लॉक संयोजक पुष्पराज सिंह चंदेल के नेतृत्व में जनपद पंचायत कार्यालय अकलतरा से प्रारंभ होकर सभी शासकीय कार्यालयों में भ्रमण करते हुए एसडीएम-तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपने के साथ समाप्त होगी। इस ऐतिहासिक रैली में अकलतरा तहसील के समस्त शासकीय कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी क्रमशः रैली में सम्मिलित होते हुए संयुक्त रूप से अपनी एकजुटता दिखाएंगे और ज्ञापन सौंपेंगे।

### राहवीर योजना के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रम

**जांजगीर-चांपा।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में जिले के प्रत्येक थाना, चौकी क्षेत्रांर्गत गांवों में जा-जाकर पुलिस द्वारा राहवीर योजना के संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत 13 जुलाई को जिले के थाना चौकी क्षेत्रांतर्गत अलग-अलग जगहों पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लगभग 1700 लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### 9वीं में प्रवेश के लिए चयन सूची जारी, काउंसिलिंग आज से

**जांजगीर-चांपा।** प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों का वर्गवार मेरिट सूची एवं प्रतीक्षा सूची विभाग की वेबसाइट पर जारी की गई है। चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार काउंसलिंग की प्रक्रिया 15 से 18 तक निर्धारित किया गया है। जिसमें अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालकों के लिए 15 को, अजजा एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका के लिए 16 को, अनुसूचित जाति बालक और बालिका के लिए काउंसलिंग 17 को, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक और बालिका के लिए काउंसलिंग 18 जुलाई को एवं सामान्य वर्ग बालक और बालिका, अल्पसंख्यक बालक और बालिका के लिए काउंसलिंग 18 को आयोजित की जाएगी।

## शहरी स्कूल और छात्रावास में संलग्न है दर्जनों शिक्षक

# खत्म नहीं हो रहा अटैचमेंट का खेल, शासन का आदेश दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

युक्तियुक्तकरण में मनमानी और गड़बड़ी करने को लेकर सुर्खियों में रहा जिले का शिक्षा विभाग शिक्षकों के संलग्नीकरण को लेकर एक बार फिर से चर्चा में है। दरअसल राज्य शासन ने युक्तियुक्तकरण के साथ ही शिक्षकों के संलग्नीकरण को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के आदेश दिए है, लेकिन जांजगीर चांपा जिले में शहरी क्षेत्रों के स्कूल और छात्रावासों में अटैच दर्जनों शिक्षकों पर शिक्षा विभाग इस कदर मेहरबान है कि उन्हें हटाने के लिए राज्य शासन के आदेश की अवहेलना करने में भी पीछे नहीं है।

गौरतलब है कि शासन के आदेशानुसार पिछले दिनों अतिशेष शिक्षकों का युक्तियुक्तरण किया गया है। इसी दौरान 5 जून को महानदी भवन सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर से स्थानांतरण नीति के तहत एक आदेश जारी हुआ था। जिसमें सभी विभाग प्रमुखों को सभी संलग्नीकरण को 5 जून से समाप्त मानने कहा था। इसके साथ ही भविष्य में विभागाध्यक्ष व भारसाधक सचिव के अनुमोदन से ही कोई भी संलग्नीकरण करने की बात स्पष्ट रूप से कही गई। इस आदेश को जारी हुए महीने दिन से अधिक हो गए, लेकिन जांजगीर चांपा में दर्जनों शिक्षक शहरी क्षेत्र के स्कूल, छात्रावास और विभागीय कार्यालयों में अभी तक संलग्न है। शासन से स्पष्ट आदेश होने के बावजूद उनका संलग्नीकरण समाप्त करके मूल शाला में भेजने की कार्रवाई आज पर्यन्त तक नहीं हो सकी है। इतना ही नहीं चौंकाने वाली बात तो यह है कि जिन स्कूल के शिक्षक, व्याख्याता अन्य किसी स्कूल, कार्यालय व छात्रावास में संलग्न है, उनके अपने मूल शाला में उनकी गिनती करके वहां उनसे संबंधित विषय के व्याख्याता और शिक्षकों को युक्तियुक्तरण प्रक्रिया में अतिशेष बताकर हटा दिया गया है। जिससे वहां संबंधित विषय की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। कुल मिलाकर पिछले दिनों युक्तियुक्तरण प्रक्रिया में अतिशेष शिक्षकों की सूची जारी करने से लेकर पदस्थापना तक में गड़बड़ी और मनमानी को लेकर जिले की किरकिरी कराने वाला शिक्षा विभाग अब शासन के आदेश के बाद भी संलग्नीकरण को लेकर आंख मूंदे बैठा है।



### अंग्रेजी का व्याख्याता ब्लाक मुख्यालय के स्कूल में संलग्न सिऊंड के ग्रामीणों ने दी तालाबंदी व चक्काजाम की चेतावनी

शासन द्वारा अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तरण को लेकर जहां ग्रामीण स्कूल के शालाओं में शिक्षकों की कमी दूर होने का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिले के नवागढ़ ब्लाक में सिंऊड़ गांव के सरकारी स्कूल का अंग्रेजी व्याख्याता ब्लाक मुख्यालय के स्कूल में सालों से अटैच है। खास बात यह है कि हायर सेकेण्डरी स्कूल सिऊंड़ में उनकी पोस्टिंग मानते हुए वहां पदस्थ अंग्रेजी के अन्य व्याख्याता को अतिशेष बताकर बाहर भेजा गया है। इसके बाद यहां अंग्रेजी विषय की पढ़ाई ठप हो गई है। ग्रामीणों के मुताबिक इस स्कूल में पदस्थ अंग्रेजी के व्याख्याता का वेतन तो यहीं से बनता है, लेकिन उनकी सेवाएं गांव से दूर ब्लाक मुख्यालय नवागढ़ शहर के सेजेस स्कूल में ली जा रही है। वे वहां प्रभारी प्राचार्य है। इधर महीने भर से बच्चों की अंग्रेजी की पढ़ाई नहीं होने से क्षुब्ध अभिभावक एवं ग्रामीणों के साथ पंचायत प्रतिनिधियों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने सोमवार 14 जुलाई को शिक्षा विभाग के साथ प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर अंग्रेजी के व्याख्याता को 7 दिनों के भीतर मूल शाला में भेजने की मांग की है। वहीं 7 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर स्कूल में ताला लगाकर चक्काजाम करने की चेतावनी

### आवेदन पर नहीं ध्यान, आंदोलन करते ही वापसी का आदेश

शिक्षा विभाग की मनमानी कार्यशैली से जहां शिक्षकों और अभिभावकों में रोष देखने को मिल रहा है, वहीं चक्काजाम व स्कूलों में तालाबंदी की घटना को लेकर कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे है। गौर करने वाली बात यह है कि अतिशेष शिक्षकों की सूची जारी करने आदेश के बाद भी संलग्नीकरण समाप्त नहीं करने जैसी दर्जनों शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। हद तो तब हो गई जब पामगढ़ ब्लाक के मेंऊ में शिक्षक को मूल शाला में वापस बुलाने ग्रामीणों को स्कूल में ताला जड़ना पड़ गया। खास बात यह है कि उनकी मांगों की लगातार अनदेखी करने वाले विभाग ने तालाबंदी के तत्काल बाद उक्त शिक्षक की मूल शाला में वापसी के आदेश किए। इधर नवागढ़ ब्लाक के सिऊंड में भी इसी तरह की परिस्थिति निर्मित होने लगी है। यहां भी आवेदन पर ध्यान नहीं देने से क्षुब्ध पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

### कर रहे आदेश

कुछ स्कूलों और छात्रावासों में अटैचमेंट कलेक्टर व डीपीआई के अनुमोदन से हुआ है। ऐसे में जिन स्कूलों का मामला कलेक्टर के संज्ञान में आ रहा है, वहां आदेश कर रहे है। सिऊंड़ स्कूल के बारे में भी कलेक्टर से चर्चा करेंगे।

-अश्वनी भारद्वाज,
डीईओ, जांजगीर

# दोस्ती के बाद ब्लैकमेलिंग : दो युवतियां समेत तीन गिरफ्तार

## चांपा थाना क्षेत्र का मामला



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती के बाद एक युवक को बदनाम करने की धमकी देकर पैसे लूटने की कोशिश कर रहे दो युवतियों सहित तीन लोगों को चांपा पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ने में सफलता पाई है। मामला थाना चांपा क्षेत्र का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय युवक कुछ समय से मानसिक तनाव में था। परिजनों की पूछताछ पर उसने खुलासा किया कि मार्च 2024 में कोरबा निवासी एक युवती से सोशल मीडिया पर उसकी जान-पहचान हुई थी। बातचीत के दौरान युवक ने युवती के कहने पर उसे कुछ फोटो और वीडियो भेजे थे। इसके बाद युवती और उसके साथियों ने उसे धमकी देकर 20 हजार रुपए की मांग शुरू कर दी। युवक ने परिजनों को बताया कि आरोपी 12 जुलाई को चांपा आकर पैसे लेंगे। उसी दिन एक युवती उसके घर पहुंची और पिता से गिफ्ट देने की बात कहकर बहस करने लगी। पूछताछ में युवती ने गाली-गलौच की और भागने लगी। परिजन जब पीछा करते हुए मुख्य सड़क तक पहुंचे तो वहां पहले से दो लोग एक युवक और एक युवती स्कूटी पर मौजूद थे। मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूल किया कि वे युवक से पैसे लेने आए थे और फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रकम वसूलने की योजना थी। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य आरोपी अर्जुन मिंज उम्र 26 वर्ष, निवासी दूगरबहार, थाना बागबहार, जिला जशपुर, वर्तमान में कोरबा का रहने वाला है और उसके साथ दो युवतियाँ शामिल थीं।

# बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता हो रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

इन दिनो लाइन की अघोषित कटौती व पानी की किल्लत के साथ ही दोहरा मार झेलने को बिर्रा वासी धीवर मुहल्ला घनवापारा मजबूर हो जा रहे है। विभाग में सुनने वाला कोई नहीं है। बिजली की आंख मिचौली व लो वोल्टेज बढ़ती जा रही है।बिजली के झटके उपभोक्ताओं को परेशान करने लगे है।

ज्ञात हो कि बिर्रा सब स्टेशन में अधिकारी भी नहीं रहते है तेरह गांवों के लिए गिने चुने लाइन मेन है लेकिन रात्रि में उपभोक्ताओं का सुनने वाला कोई नहीं है। बिर्रा सब स्टेशन के बिर्रा, देवरानी, सिलादेही, मौहाडीह गत्वा, बोरसी के उपभोक्ता अघोषित बिजली की आंख मिचौली बिजली आपूर्ति की पोल खोल देती है। अघोषित कटौती से लोगो को दिन व रात में में चैन नहीं मिल रहा है साथ ही अघोषित कटौती से पानी का संकट भी होते जा रहा है। बढ़ रहे बिजली संकट को लेकर लोगों में आक्रोश है। दिन ही नहीं बल्कि रात में भी बिजली कट लगने लगे है। इसी के साथ लो वोल्टेज एवं बिजली गुल होने की शिकायतें बढ़ रही है। पिछले कई दिनों से अघोषित बिजली की कटौती हो रही है।बिजली कब आए और कब चली जाए कुछ नहीं कहा जा सकता। लोगों का कहना है लो वोल्टेज के कारण पंखे,कूलर व टीवी ठीक से नहीं चल पा रहे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उपस्वास्थ्य केन्द्र भगवान भरोसे, मरीज हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

आयुष्मान आरोग्य मंदिर के उपस्वास्थ्य केंद्र भगवान भरोसे संचालित हो रहा है। जिसके चलते मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत सिलादेही में आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केंद्र में मरीज को सुलभता से ईलाज मिल सके। इसके लिए सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र में मरीजों को बेहतर ईलाज मिल सके।



बंद पड़ा सिलादेही का उप स्वास्थ्य केन्द्र।

इसके लिए सरकार ने करोड़ रुपए खर्च किया जा रहा है किन्तु जमीनी स्तर पर कुछ और बयां कर रही है। सिलादेही मे आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एक महिला सीएचओ, आरएचओ सहित तीन स्टाफ होने के बावजूद भी सुबह 10 बजे से आयुष्मान आरोग्य उपस्वास्थ्य केन्द्र में दफ्तर पर ताला लगा रहता है तथा मरीज को हर रोज आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केन्द्र समय पर नहीं खुलने के कारण मरीज परेशान रहते हैं और मरीज को इधर उधर भटकना पड़ता है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केन्द्र का खुलना बंद होना भगवान भरोसा चल रहा है तथा मरीज को ठीक से दवाई भी उपलब्ध नहीं होता है। जिसके कारण मरीज को अन्यत्र दवाखाना से खरीदी करना मजबूरी बन गयी है। मरीज को ठीक तरीका से ईलाज नहीं होने पर मरीज को सरकारी अस्पताल से मोहभंग हो रहा है।

## थाना चौक से शासकीय महाविद्यालय मोड़ तक किया गया गौरव पथ निर्माण

# सैंपल फेल होने के बाद भी कर रहे राशि का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

सेंपल फेल होने के बाद भी ठेकेदार को करोडों का भुगतान करने का मामला सामने आया है। इस तरह से भुगतान में भारी अनियमितता बरती गई है।

गौरतलब है कि नगर में बनाए गए गौरव पथ निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी तो की गई है लेकिन दो बार कोर सैंपल फैल होने के बाद भी आनन फानन में ठेकेदार को करोड़ों रुपए का भुगतान कर दिया गया। नगर पंचायत डभरा के थाना चौक से शासकीय महाविद्यालय मोड़ तक दस लगभग करोड़ रुपए की लागत से गौरव पथ का निर्माण किया गया है। जिसमें ठेकेदार और इंजीनियर द्वारा अनियमितता बरती गई है। परिणाम स्वरूप तीन तीन बार लैब कोर सैंपल फैल हो गया लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि कोर सैंपल फैल होने के बाद भी ठेकेदार को करोड़ों रुपए का भुगतान कर दिया गया। पहला कोर सैंपल फैल होने के बाद तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने ठेकेदार को लगभग तीन करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान कर दिया और दूसरा कोर सैंपल फैल होने के बाद वर्तमान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने ठेकेदार को लगभग एक करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान कर दिया जो कि सरासर गलत है कोर सैंपल इसलिए लिया जाता है ताकि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्वक होने के बाद भुगतान किया जा सके लेकिन यहां दो दो बार कोर सैंपल फेल होने के बाद भी दो दो बार करोड़ों रुपए का भुगतान कर देना आश्चर्य है। सबसे आश्चर्य वाली बात यह है कि जब दूसरा बार भुगतान किया गया उस नगर पंचायत अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त हो चुका था तो शासन के द्वारा तहसीलदार को प्रशासक नियुक्त किया था और मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने ठेकेदार को भुगतान किया तो प्रशासक को अंधेरे में रखा और प्रशासक को बिना बताए ही ठेकेदार को करोड़ों का भुगतान कर दिया इससे स्पष्ट होता है कि सीएमओ और ठेकेदार किस कदर तक भारी अनिमितता



डभरा में बना गौरव पथ।

### विधि अनुसार भुगतान

डभरा में गौरव पथ का निर्माण कार्य करोड़ों रुपए की लागत से किया गया है। राशि का भुगतान नियमों के तहत किया गया है।

-बीआर दिनकर,
सीएमओ
नगर पंचायत डभरा

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलौदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### शैक्षणिक गतिविधि एवं शिक्षा स्तर में सुधार पर विस्तार पूर्वक चर्चा



**बिर्रा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री भुवनेश्वर प्रसाद देवांगन ने अपने पदाधिकारी शिक्षकों के साथ सक्ती जिला के नया जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कुमुदिनी बाग द्विवेदी से उनके निवासी स्थान तहसील रोड चांपा में मुलाकात कर उनको गुलदस्ता, पुष्पमाला, श्रीफल और साल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किए। सौजन्य भेंट मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री भुवनेश्वर प्रसाद देवांगन ने शैक्षणिक गतिविधि, छात्र-छात्राओं के शिक्षा स्तर में सुधार हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। इसके साथ ही शिक्षकों की विभिन्न समस्या समयमान वेतनमान, पदोन्नति , क्रमन्नति आदि विषय पर काफी लंबे समय तक विस्तृत चर्चा हुई। नया जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिकता के साथ ही सभी समस्याओं का निदान हर संभव मदद करने आश्वासन दिया। सौजन्य भेंट मुलाकात में धन्य कुमार पांडे जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, राजेंद्र जायसवाल जिला उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ,विजय कुमार थवाईत जिला सचिव, लक्ष्मी तिवारी जय तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी, एसपी सिदार, प्रदीप श्रीवास, रविंद्र द्विवेदी के अलावापदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### शिक्षा रत्न अवॉर्ड से डॉ मूलचन्द सम्मानित



**चांपा।** कोसा, कांसा और कंचन की नगरी चांपा में विगत 27 वर्षों से उच्च स्तरीय कंप्यूटर प्रशिक्षण का कार्य करने वाले गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं आइसेक्ट कंप्यूटर कॉलेज चांपा के संचालक मूलचन्द गुप्ता को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रणधीर कुमार तथा नेपाल कोशी के पूर्व कानून एवं आंतरिक मामला मंत्री वर्तमान एवं सांसद लीला वल्लभ पर्यटन बोर्ड के अधिकारी भावेश श्रेष्ठ समाज सेवी एवं निसहाय बाल बालिका आश्रम संचालिका गीता कुमारी गौतम चाइल्ड वेलफेयर सोसाइटी के राजेंद्र श्रेष्ठ, रबी गौतम ने राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के राष्ट्रीय अधिवेशन में शिक्षा रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया है। श्री गुप्ता कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करते हुए 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किए जिसमें से लगभग 2100 विद्यार्थियों को जॉब दिलाने में सफल भी रहे।

### प्रशिक्षण पूरी कर गांव लौटने पर बीएसएफ जवान का किया स्वागत



**हसौद।** हसौद क्षेत्र के देवरघटा में बीएसएफ जवान बनकर गांव लौटे भुवनेश्वर नारंगे का अंबेडकर चौक में डीजे लगाकर पूर्व सरपंच समेत गांव वालों ने फूल मालाओं से पहले बीएसएफ जवान का स्वागत किया फिर भारतीय संविधान बुक की छायाचित्र और मोमेंटो भेंठ कर उन्हें सम्मानित किया। देवरघटा गांव के भुवनेश्वर नारंगे पिता सेतराम नारंगे की नियुक्ति सीमा सुरक्षा बल/बीएसएफ में जवान के पद पर हुई है। प्रशिक्षण पूरी कर बीएसएफ के जवान भुवनेश्वर नारंगे 13 जुलाई रविवार की शाम अपने गांव देवरघटा लौटे। आने की खबर मिलते ही पूर्व सरपंच प्रफुल्ल कुमार आजाद व गांव के समाज सेवक ऋषि आजाद सहित गांव के लोग उनके स्वागत और सम्मान की तैयारी में जुट गए। गांव के अंबेडकर चौक में डीजे बाजा गाजा के साथ बीएसएफ जवान का भव्य स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया। बीएसएफ जवान के स्वागत व सम्मानित करने वालों में महिलाएं, पुरुष, बच्चे, बड़े बुजुर्ग शामिल रहे।

### पीडब्ल्यूडी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर एनएसयूआई व युकां का प्रदर्शन

**डभरा।** एनएसयूआई और युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पी डब्ल्यू डी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पिछले दिनों बिलासपुर में आयोजित पी डबल्यू डी विभाग में इंजीनियर पद के लिए परीक्षा के दौरान हाईटेक नकल चल रहा था जो कि पकड़ में आने के बाद जेल भेज दिया गया। इसी को लेकर एनएसयूआई और युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत डभरा के थाना चौक में परीक्षा को रद्द करने और साय सरकार बर्खास्त करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया और सरकार के विरोध में नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस बल से झूमा झटकी भी हुई पुलिस सीएम के पुतला को छीनकर उस पर पानी डाल कर बुझाया। पुतला दहन कार्यक्रम में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष मयंक सोनी, युवक कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष प्रताप चंद्रा, जिला विधायक प्रतिनिधि सुनिल चंद्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रईस किंग खूंटे के साथ साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

कलेक्टर ने सड़कों पर गड्ढों की मरम्मत और मवेशियों को हटाने दिए निर्देश

# पीएम आवास योजना में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सोमवार 14 जुलाई को कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, विभागवार समय सीमा की लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, लोक सेवा गारंटी से प्राप्त आवेदन की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी जिम्मेदार होंगे और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर श्री महोबे ने जिले में वृक्षारोपण के कार्यों को वृहद स्तर पर चरणबद्ध तरीके से करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने अतिक्रमण मुक्त शासकीय भूमि, स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय भवनों, सड़क किनारे एवं अन्य खाली जगहों पर पौधरोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि स्कूलों में रिक्त स्थान के आधार पर प्राचार्यों को लक्ष्य देकर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक वृक्षारोपण करायें। साथ ही वृक्षारोपण में जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठन, धार्मिक संगठनो को भी अधिक से अधिक जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ लक्ष्य निर्धारित करें और एक पेड़ मां के नाम से पौधारोपण को बढ़ावा दें। पौधारोपण होने के उपरांत उनकी सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी संबंधित विभाग की होगी। कलेक्टर ने कहा कि ई-ऑफिस सभी के लिए अनिवार्य है, ई-ऑफिस प्रणाली के प्रशिक्षण गंभीरता से प्राप्त करें, जिससे कार्यप्रणाली आम नागरिकों के लिए अधिक समयबद्ध और पारदर्शी बन सके। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ लिपिकों को भी ई-ऑफिस प्रणाली को गंभीरता से सीखने एवं ई-ऑफिस प्रणाली में दक्षता लाने हेतु निर्देशित करें, ताकि जिले में सभी कार्य ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से संचालित किए जा सके। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को कैम्प कोर्ट लगाकर लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं और कार्यों में समन्वय के साथ गुणवत्ता, पारदर्शिता और तत्परता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी जिम्मेदार होंगे और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत चल रहे कार्यों की गहन निगरानी के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिकायत पर त्वरित जांच और कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने पीएम आवास, मनरेगा संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित एसडीएम को जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोषण ट्रैकर एप में एंट्री की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने पोषण ट्रैकर एप पर अनिवार्य रूप से एंट्री करने निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने बारिश के चलते खराब हुई सड़कों की मरम्मत शीघ्र की जाए। जहां गड्ढे बने हैं, उन्हें तत्काल भरवाया जाए। साथ ही उन्होंने सड़कों पर आवारा मवेशियों की समस्या से निजात दिलाने के लिए संयुक्त टीम गठित कर अभियान चलाकर हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ संवेदनषील क्षेत्र, बांधों एवं जलाशयों, पिकनिक स्पाट में जहां पानी का स्तर अधिक रहता है वहां नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान योजना एवं वय वंदना कार्ड बनाने में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्वामित्व योजना, केसीसी, फार्मर रजिस्ट्री, अनुकम्पा नियुक्ति सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर के तंबोली, अपर कलेक्टर श्रीमती आराध्या राहुल कुमार, सर्व एसडीएम सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं, मिले 65 आवेदन

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त आवेदन का संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए।
जनदर्शन में तहसील चांपा के ग्राम कोसमंदा निवासी दयाराम प्रधान ने ट्राईसाइकिल प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वे दिव्यांगता के कारण चलने फिरने में असमर्थ है तथा उनका अर्थिक स्थिति कमजोर है जिसके कारण उन्हें बहुत परेशानी होती है। इसी प्रकार तहसील पामगढ़ के ग्राम खरौद निवासी सुश्री मधु ने ट्राईसाइकिल प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वे 80 प्रतिशत दिव्यांग है जिससे उन्हे समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर श्री महोबे ने दोनो आवेदन पर संवेदनशीलता से त्वरित कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण विभाग को निराकरण करने के निर्देश दिए। जिसे त्वरित निराकरण कर दयाराम प्रधान को ट्राईसाइकिल एवं सुश्री मधु को बैटरी चलित ट्राईसाइकिल तत्काल प्रदान किया गया। ट्राईसाइकिल पाकर उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें एक नया सहारा मिल गया है।



## सभी छात्र-छात्राएं जीवन में लक्ष्य बनाकर निरंतर बढ़ें आगे : चंदेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ ग्राम सिवनी-नैला में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुये पूर्व नेता प्रतिपक्ष

छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व उपाध्यक्ष नारायण चंदेल ग्राम सिवनी (नैला) के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव के कार्यक्रम में मुख्य अभ्यागत के रूप में शामिल हुये।

उ न्हों ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन छत्तीसगढ़ की सरकार इसलिए कर रही है कि हमारे बच्चों में शिक्षा को व विद्या के मंदिर को लेकर ललक व उत्सुक्ता बनी रहे, हमारे बच्चे स्कूल जाने के लिये उत्साह के साथ शाला में प्रवेश करें। उन्होंने आगे कहा कि यह उत्सव नये बच्चों को स्कूल में प्रवेश करने के लिये प्रोत्साहित करना और समुदाय को शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह उत्सव सामाजिक सहभागिता को भी बढ़ावा देता है, क्योकि समुदाय के सदस्य, शिक्षक और अभिभावक सभी मिलकर इस कार्यक्रम में भाग लेते है। प्रवेशोत्सव के माध्यम से स्कूलों का प्रयास होता है कि वे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करें और सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। श्री चंदेल ने कहा कि प्रवेशोत्सव का उद्देश्य शिक्षा के महत्व को उजागर करना है और बच्चों को स्कूल जाने के लिये प्रेरित करना है। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर छात्र-छात्राओं का स्कूल में वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ तिलक लगाकर, फूलमाला पहनाकर और अन्य पारम्परिक तरीको से स्वागत किया गया। स्कूल के छात्राओं को मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत सायकल का भी वितरण किया गया तथा ''एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया एवं छात्र-छात्राओं को पुस्तक व प्रशस्ति पत्र का भी वितरण किया गया। भाजपा नेता इंजी. रवि पाण्डेय व शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र पाण्डेय ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विवेका गोपाल, ग्राम सिवनी सरपंच रघुबीर बरेठ, जनपद सदस्य रूपनारायण लसेर, उपसरपंच शुभांशु मिश्रा, उमेश राठौर, सुनील भवानी, नाथूराम श्रीवास, साकेत तिवारी, शुक्ला प्रसाद, विश्वनाथ यादव, रामगोपाल धीवर, लेखराम पटेल, सुखदेव साहू, रघुवंषमणी तिवारी, निरज यादव, सुरेश मिश्रा, अखिलेश चौहान, खम्हन प्रसाद रत्नाकर, प्रभारी प्रचार्य किरण पाण्डये सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राऐ एवं शिक्षकगण व ग्राम के नागरिकगण उपस्थित थे।



## गुरु के वचनों में होना चाहिए पूर्ण विश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद


■ गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शबरी मंदिर में हुआ भजन-कीर्तन

प्राचीन शबरी मंदिर खरोद में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया गया। अध्यात्म परिषद के वरिष्ठ सदस्य धनसाय यादव ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु के महत्व को समझाते हुए सबके लिए दीक्षा गुरु बनाना आवश्यक बताया।

उन्होंने यह भी बताया कि महर्षि वेदव्यास के प्राकट्य दिवस को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। अध्यात्म परिषद के अध्यक्ष एवं शबरी भजन कीर्तन के संयोजक शिवरात्रि यादव ने बरसते पानी में सब की उपस्थिति की सराहना की उनका स्वागत किया एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान ऐसी ही लगन और प्रेम के भूखे होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिन्होंने अभी तक दीक्षा गुरु नहीं बनाया है वह जगतगुरु श्री कृष्ण या हनुमान जी को गुरु मान सकते हैं। गुरु के वचनों में पूर्ण विश्वास होना चाहिए गुरु को गोविंद से भी बड़ा बताया गया गुरु प्रदत्त मंत्रपर विश्वास एवं जप का कितना बड़ा महत्व है कथा के माध्यम से समझाया। कार्यक्रम में गणपति साहू, प्रज्वल यादव, नीलम यादव, पार्षद गौरी यादव, जानकी यादव, चंद्रप्रभा यादव, फागुनी आदित्य, वृंदा आदित्य, मदालसा यादव, दुलारी आदित्य, ललिता थवाइत, कीर्तन मति, वृंदा आदित्य, चमेली यादव, भगवती साहू, रामेश्वरी श्रीवास, सरस्वती यादव, सुख बाई,जमुना यादव, राही यादव, नर्मदा यादव, जीवन बाईसोनी, केवरा यादव, सावित्री केवट, त्रिवेणी आदित्य, श्याम बाई आदित्य, छोटी बाई, छठ बाई, फागनी नोनिया, गंगाबाई, अनुसूया आदित्य, सुमित्रा आदित्य आदि उपस्थित रहे।

### ज्ञानोदय स्कूल में कक्षा नायक उपनायक घोषित, दिलाई गई कर्त्तव्य पालन की शपथ

**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव के दिशा निर्देशन में सभी कक्षा के मॉनिटर एवं उप मॉनिटर का चुनाव किया गया। विगत वर्ष के स्थानीय एवं बोर्ड की परीक्षा में कक्षा स्तर पर क्रमश : प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र - छात्रा मॉनिटर एवं वाइस मॉनिटर चुने गए। उन्हें प्रार्थना स्थल पर वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती दामिनी कश्यप द्वारा सामूहिक रूप से पद एवं कर्त्तव्य पालन की शपथ दिलाई गई। सभी को कक्षा एवं विद्यालय में अनुशासन ,स्वच्छता बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई। शपथ समारोह में हिंदी माध्यम कक्षा नर्सरी से बारहवीं एवं अंग्रेजी माध्यम स्टैंडर्ड - वन से स्टैंडर्ड- टेन तक के मॉनिटर एवं उप मॉनिटर शामिल थे। नर्सरी से तनु यादव ने मॉनिटर एवं लोकेश श्रीवास ने उप मॉनिटर, के जी- वन से जितेश यादव मॉनिटर एवं मानसी सूर्य उप मॉनिटर , के जी टू से कीर्ति यादव मॉनिटर एवं शाहिल यादव उप मॉनिटर , कक्षा - पहली से परिधि धीवर मॉनिटर एवं हिमांशु यादव उप मॉनिटर , कक्षा- दूसरी से सौम्या लदेर मॉनिटर एवं रुद्राक्ष राठौर उप मॉनिटर , कक्षा - तीसरी से नेहा धीवर ने मॉनिटर एवं भूमि राठौर ने उप मॉनिटर की शपथ ली। कक्षा- चौथी से शिवांगी यादव मॉनिटर एवं गीतिका यादव उप मॉनिटर बनाए गए। शपथ ग्रहण समारोह में शिक्षक- शिक्षिका व कर्मचारी गण उपस्थित थे ।



## बच्चों को निष्ठा व ईमानदारी पूर्वक ध्यान से पढ़ाएं शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि।

■ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलादेही में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलादेही में सोमवार 14 जुलाई को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। विद्यार्थियों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत समिति उपाध्यक्ष गंगन जयपुरिया, बम्हनीडीह भाजपा मण्डल अध्यक्ष आशीष तिवारी, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष होरी लाल कलार, प्रभारी प्राचार्य शमरीन खान, आलेख दुबे, एम एल साहू शिक्षक सरपंच, श्रीमती संतोषी राजकुमार पटेल पूर्व सरपंच, रामधन सारथी सचिव उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा स्थायी समिति अध्यक्ष गंगन जयपुरिया ने सर्वप्रथम मां वीणावादनी सरस्वती व राष्ट्रपति डा राजेन्द्र प्रसाद के तैलीय चित्र में माल्यार्पण कर अगरबत्ती से पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर किया गया। तत्पश्चात विघालय के छात्रों के व्दारा व सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि गंगन जयपुरिया ने सरकारी स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई का गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त किया है। साथ ही शिक्षक अपने काम ईमानदारी और लगन से कार्य करने पर निश्चित ही सरकारी स्कूलों का स्तर में हमेशा सुधार होगा। साथ ही आज के बच्चे कल के भविष्य निर्माता बन सकते हैं। साथ ही बच्चों को अच्छी शिक्षा का तालीम मिले इसके लिए बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ ही अच्छी गुणवत्ता शिक्षा मिल सके तथा बच्चों में संस्कार वान होनी चाहिए ताकि विद्यार्थी को अच्छी पढ़ाई के साथ अपने कैरियर का निर्माण कर सके। कार्यक्रम को भाजपा मण्डल अध्यक्ष आशीष तिवारी, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष होरी लाल कलार, सरपंच श्रीमती संतोषी राजकुमार पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता राजेश कुमार पटेल तथा अंत में आभार प्रर्दशन प्रभारी प्राचार्य शमरीन खान ने किया। इस अवसर पर रामनारायण ड़डसेना तारकेश्वर जायसवाल रामकुमार पटेल रामप्यारे उपेन्द्र पंकज उमाशंकर खुंटे सुरेश यादव अनिता राज प्रीति मिंज गीता जायसवाल अर्पणा बड़ा कृष्ण कुमार फलेंद्र साहू के अलावा शिक्षक शिक्षिका व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हर्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# सुपरमैन के मुंह से अपनी फिल्म का नाम सुन टाइगर श्रॉफ गदगद

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे टाइगर श्रॉफ ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया है। यह वीडियो हालिया रिलीज हॉलीवुड फिल्म सुपरमैन की हिंदी डबिंग का है। इस क्लिपिंग में सुपरमैन और हीरोइन के बीच बातचीत चल रही है। हिंदी डबिंग में हीरोइन कहती है, 'मैं नुक्कड़ नाटक करने वाली बागी लड़की हूं और तुम सुपरमैन हो।' इस पर सुपरमैन कहता है, मैं भी बागी हूं। इस पर हीरोइन कहती है, तुम बागी नहीं हो? इसके जवाब में सुपरमैन कहता है, मुझे 90 की बागी से लेकर बागी 1 से लेकर बागी 4 तक सब पसंद है। सुपरमैन के मुंह से अपनी फिल्म के डायलॉग और नाम सुनकर टाइगर श्रॉफ की खुशी का भी ठिकाना नहीं है।

लाइफ Style



# तृप्ति

## मधुबाला-मीना की करना चाहती हैं बायोपिक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तृप्ति डिमरी जल्द ही सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ 'धड़क 2' में नजर आएंगी। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वो मधुबाला या मीना कुमारी जैसी आइकॉनिक शख्सियतों की बायोपिक करना चाहती हैं।

अभिनेत्री ने यह भी बताया कि लैला मजनू की असफलता ने उन्हें निराश किया था, लेकिन बुलबुल की सफलता ने उनका आत्मविश्वास दोबारा लौटा दिया। मैं बहुत उत्साहित हूं, क्योंकि यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। सीक्वल में काम करना अपने आप में एक अलग अनुभव होता है, लेकिन मेरे हिसाब से प्रेशर लेना या न लेना, ये पूरी तरह व्यक्ति पर निर्भर करता है। मैं दबाव नहीं लेती। मेरा मानना है कि जब आप दबाव में काम करते हैं, तो चीजें बिगड़ने लगती हैं। असली जादू तब होता है जब आप बिना किसी दबाव के पूरी ईमानदारी से और अपने डायरेक्टर व टीम पर भरोसा रखते हुए काम करें। शूटिंग के दौरान हमने हर दिन को सहजता से लिया, एक-दूसरे पर भरोसा रखा और दिल से काम किया। शायद इसी वजह से स्क्रीन पर भी सब कुछ दिल से जुड़ा हुआ लगता है। करण जौहर सर का कॉल आया और उन्होंने कहा कि एक बेहद टैलेंटेड डायरेक्टर हैं शाजिया इकबाल। इन्होंने बेबाक नाम की शानदार शॉर्ट फिल्म बनाई है। उन्होंने मुझसे कहा कि पहले वो फिल्म देखो, फिर शाजिया तुमसे मिलेंगी। फिल्म देखने के बाद मैं बहुत इंप्रेस हुई और अगले दिन ही शाजिया और राइटर राहुल से मिली।

हॉलीवुड मसाला



# दूसरी बार मां बनने वाली हैं वेनेसा

**लॉस एंजिल्स।** वेनेसा हजेंस ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह अपना बेबी बंप दिखाती नजर आईं। इन तस्वीरों में उनके साथ पति कोल टकर भी नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी है। अपनी तस्वीरों के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन- 'राउंड टू।' वह तस्वीरों में काफी खुश नजर आ रही हैं। साल 2024 में जुलाई माह में वेनेसा ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया था। अब वह दूसरी बार प्रेग्नेंट हुईं।



# सेंसर बोर्ड ने काट दिया सुपरमैन के किसिंग सीन

**मुंबई।** हालीवुड फिल्म सुपरमैन को जेम्स गन ने डायरेक्ट किया है। भारत में इस फिल्म में से 33 सेकंड का किसिंग सीन हटा दिया गया। यह सीन लीड कैरेक्टर सुपरमैन (डेविड कोरेंसवेट) और लोइस लेन (रेचल ब्रोसनाहन) पर फिल्माया गया है। फिल्म में इनके बीच रोमांटिक रिलेशन दिखाया जाता है। भारतीय सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट दिया और इसके किसिंग सीन को हटा दिया। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर सेंसर बोर्ड को ट्रोल किया जाने लगा। लोगों ने सेंसर बोर्ड के नियमों पर सवाल उठाए। जहां तक सेंसर बोर्ड का सवाल है तो उन्होंने फिल्म को यू/ए 13+ रेटिंग दी है। पैरेंट्स के गाइडेंस में इस फिल्म को 13 साल के बच्चे भी देख रहे हैं। यही कारण है कि फिल्म से किसिंग सीन हटाया गया है।



# विलेन की भूमिका निभाएंगी तब्बू

**मुंबई।** तब्बू की गिनती बॉलीवुड की उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में होती है, जिन्होंने अपने करियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। वो एक रोमांटिक रोल से लेकर फिल्मों में ग्रे और निगेटिव कैरेक्टर्स में भी नजर आई हैं। अब तब्बू के अगले रोल को लेकर भी एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। एक बार फिर तब्बू पर्दे पर एक अलग अंदाज में नजर आ सकती हैं। कुछ दिनों पहले मेकर्स ने ये जानकारी साझा की थी कि तब्बू पुरी जगन्नाथ द्वारा निर्देशित फिल्म में विजय सेतुपति के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। अब ऐसी रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं कि तब्बू इस फिल्म में एक निगेटिव किरदार में नजर आएंगी। तब्बू पुरी जगन्नाथ की इस फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आ सकती हैं। हालांकि, अभी तक मेकर्स की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है।



# डॉन-3 में विक्रांत ही होंगे रणवीर के दुश्मन

**मुंबई।** 12वीं फेल जैसी फिल्मों से ऑडियंस का दिल जीतने वाले एक्टर विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से खबरों में बने हुए हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाए कर पाने में फेल होती दिख रही है। लेकिन, एक्टर्स की परफॉरमेंस की तारीफ हो रही है। वहीं, डॉन 3 से विक्रांत को रिप्लेस कर विजय देवरकोंडा को कास्ट किया गया है। फिल्म की शुरुआत से ही रणवीर और विक्रांत को कास्ट किया गया है। विजय देवरकोंडा को लेकर चल रही अफवाहें बिल्कुल बेबुनियाद हैं। कास्ट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इससे ये कन्फर्म हो गया है कि डॉन 3 का सबसे बड़ा विलेन का किरदार विक्रांत ही निभा रहे हैं। हालांकि, अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक विक्रांत इस फिल्म में एक स्मार्ट और चालाक स्कैमर के किरदार में नजर आएंगे।

टीवी मसाला




# 19 साल की लड़की से रोमांस कर रहे 46 साल के शरद

**नई दिल्ली।** शरद केलकर को बतौर अभिनेता पहचान टीवी सीरियल्स के जरिए मिली। इसके बाद वह फिल्मों में सक्रिय हुए और अपने उम्दा अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। एक बार फिर से टीवी सीरियल 'तुम से तुम तक' में अपने किरदार को लेकर चर्चा में हैं। शो में उनका किरदार 46 साल के एक बिजनेस मैन का है, जो 19 साल की लड़की (निहारिका चौकसे) से प्यार करता है। इस 27 साल की उम्र के फासले को लेकर उनकी सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हो रही है। शरद केलकर ने नए सीरियल को लेकर हो रही आलोचना, विवाद पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'आजकल सोशल मीडिया ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है जहां हर कोई अपनी राय थोपता है। किसी को कुछ पसंद आता है, किसी को नहीं, इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता।' मैं एक एक्टर हूं और मुझे जो रोल मिला है, मैं उसे निभा रहा हूं। अगर यही चीज रियल लाइफ में होती, तब भी शायद मुझे फर्क नहीं पड़ता। ये सिर्फ एक किरदार है, कोई असल जिंदगी की कहानी नहीं।' आपके परिवार ने मुश्किल से आपको मोबाइल फोन दिलाया है, तो उसका सही इस्तेमाल कीजिए। कुछ अच्छा कीजिए, पॉजिटिव सोचिए। सोशल मीडिया पर निगेटिव बातें फैलाने से किसी का भला नहीं होता। शरद केलकर के अनुसार, 'ये इंसान की फितरत है कि वह पहले नेगेटिव चीजों की तरफ आकर्षित होता है।

## मां की जगह कोई नहीं ले सकता : रितु

नई दिल्ली। कुछ कहानियां कभी पुरानी नहीं होतीं। कुछ रिश्ते कभी फीके नहीं पड़ते। और कुछ चेहरे हमेशा हमारी यादों में बसे रहते हैं। जब यह खबर आई कि 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' एक बार फिर लौट रहा है, तो सोशल



मीडिया पर चर्चा तेज हो गई। शो के नाम से जुड़ी कई पुरानी यादें लोगों के जेहन में ताजा हो गईं। लेकिन, एक सवाल सबसे ज़्यादा पूछा गया - 'बा कहां हैं?' 'मां की जगह कोई नहीं ले सकता' ये शब्द हैं सुधा शिवपुरी यानी बा की बेटी रितु शिवपुरी के, जो इस शो की वापसी को मां के नाम की एक श्रद्धांजलि मानती हैं। रितु ने कहा, मां इस शो का हिस्सा थीं और हम सब उन्हें उस दुनिया में जीते हुए देखते थे। अब जब शो दोबारा लौट रहा है, तो ऐसा लगता है जैसे वक्त ने कोई भूली-बिसरी किताब फिर से खोल दी है। 'क्योंकि...' का सेट उनके लिए सिर्फ एक काम की जगह नहीं था। वहां उन्होंने एक और घर बसाया था। वो हंसी, वो कहकहे, वो किसी के सिर पर हाथ फेर देना, ऐसा लगता था जैसे मां अपने दिल का टुकड़ा हर कोने में छोड़ आती थीं।' सिर्फ इतना ही नहीं, रितु ने मां की एक खूबसूरत आदत को भी याद किया।

# मालिक और आंखों की गुस्ताखियां पर हावी रही सुपरमैन

*मुंबई। इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही हैं तो कुछ फिल्में औसत से भी कम कमाई कर रही हैं। देखा जाए तो हॉलीवुड की फिल्में बॉलीवुड फिल्मों पर भारी पड़ रही हैं।*

**मालिक** : दर्शक अक्सर राजकुमार राव की फिल्मों को प्यार देते हैं लेकिन उनकी नई फिल्म मालिक बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं कर पा रही है। ओपनिंग डे पर औसत से कम शुरुआत करते हुए फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 3.75 करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 5.25 करोड़ रुपए कमाए। इस तरह से मालिक का अब तक टोटल कलेक्शन नौ करोड़ रुपए हो गया है। 11 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म में मानुषी छिल्लर अहम किरदार में हैं।

**आंखों की गुस्ताखियां** : शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। ओपनिंग डे पर फिल्म की शुरुआत काफी खराब रही। पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 30 लाख का कारोबार किया। दूसरे दिन फिल्म वीकएंड का फायदा नहीं उठा सकी। दूसरे दिन फिल्म की कमाई 43 लाख रुपए रही। इस तरह से फिल्म ने अब तक



टोटल 73 लाख रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म में विक्रांत मैसी अहम किरदार में हैं।


**सुपरमैन** : पिछले कई दिनों से भारत में बॉलीवुड फिल्मों के मुकाबले हॉलीवुड फिल्में ज्यादा चल रही हैं। ऐसा ही फिल्म सुपरमैन के साथ भी हुआ है। फिल्म ने पहले दिन भारत में सात करोड़ रुपये से अपना खाता खोला। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 9.35 करोड़ रुपए का कारोबार किया। इस तरह से फिल्म ने अब तक 16.35 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म भी 11 जुलाई को रिलीज हुई थी।

***मेट्रो इन दिनों*** *: मल्टी स्टारर फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' ने वीकएंड पर एक बार फिर रफ्तार पकड़ी है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 3.5 करोड़ रुपए का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने 26.85 करोड़ रुपए कमा लिए। दूसरे शुक्रवार को फिल्म की कमाई 2.35 करोड़ रुपए रही। दूसरे शनिवार को फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 4.65 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया। इस तरह से फिल्म ने अब तक 33.85 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म चार जुलाई को रिलीज हुई थी।*

***जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ*** *: हॉलीवुड फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए हुए है। भारत में 4 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 9.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने 55 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने 2.9 करोड़ का कारोबार किया। इसके बाद शनिवार को फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 7.25 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया। इस तरह से फिल्म ने 65.15 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

# कुली के 'मोनिका' में पूजा का दिखा जबरदस्त अंदाज

**मुंबई।** थलाइवा रजनीकांत की आगामी फिल्म कुली का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका रविवार को रिलीज हुआ। इस गाने में पूजा ने अपने जबरदस्त डांस से फैंस का दिल जीत लिया है। इस गाने में पूजा रेट्रो अवतार में नजर आईं। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म कुली से पूजा हेगड़े का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका शेयर किया। इस लुक में पूजा रेड थाई स्लिट ड्रेस में बेहद ही खूबसूरत दिख रही हैं। पूजा का स्टाइल और डांस दोनों ही फैंस को पसंद आ रहा है। निर्माताओं ने पूजा के इस गाने का वीडियो शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'मोनिका, मेरी प्यारी मोनिका! लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित 'कुली' में रजनीकांत मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रजनीकांत के अलावा फिल्म में कई स्टार कलाकार और आमिर खान का कैमियो है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कलानिधि मारन की सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में रजनीकांत, नागार्जुन, उपेन्द्र, सौबिन शाहिर, सत्यराज, श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन, जूनियर एमजीआर, मोनिशा ब्लेसी और काली वेंकट शामिल हैं।



## कोटा श्रीनिवास राव का फिल्मी और राजनीतिक सफर किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं

# सरकार से लेकर बागी तक बॉलीवुड फिल्मों में भी आए नजर

*मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा के चमकते सितारों में से एक नाम था कोटा श्रीनिवास राव, जिनका फिल्मी और राजनीतिक सफर किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं। एक ऐसे कलाकार जिन्होंने सिर्फ पर्दे पर नहीं, बल्कि थिएटर, राजनीति और निजी जीवन में भी संघर्षों को गले लगाते हुए एक मिसाल कायम की। बीते दिनों जब फिल्म प्रोड्यूसर बंदला गणेश ने उनके साथ एक तस्वीर शेयर की थी तो उसमें कोटा श्रीनिवास काफी कमजोर लग रहे थे। कोटा की सेहत देखकर उनके फैंस काफी चिंतित हो गए थे। लंबे समय से बीमार चल रहे कोटा श्रीनिवास राव ने रविवार सुबह अंतिम सांस ली।*



### डॉक्टर बनना चाहते थे

कोटा श्रीनिवास राव का जन्म 10 जुलाई 1942 को आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव कांकीपाडु में हुआ था। एक मध्यमवर्गीय परिवार में पले-बढ़े कोटा के पिता एक डॉक्टर थे और घर का माहौल शिक्षा-सेवा पर आधारित था। बचपन में कोटा का सपना भी डॉक्टर बनने का था, लेकिन किस्मत उन्हें एक अलग दिशा में ले गई। कॉलेज के दिनों में ही उन्हें नाटकों में अभिनय का चस्का लगा और यहीं से उनके सफर की शुरुआत हुई।

### हर रोल में छा गए

चाहे खलनायक का रोल हो या एक संवेदनशील पिता का, कोटा हर किरदार में पूरी तरह से ढल जाते थे। 'अतरिंटिकी डेरेडी', 'छत्रपति', 'बोम्मारिलु', 'शिवा' और 'गायम' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी को आज भी सराहा जाता है। उनकी भूमिका ने हमेशा यह साबित किया कि साइड रोल करने वाले अभिनेता भी मुख्यधारा की चमक को मात दे सकते हैं। अपने लंबे करियर में श्रीनिवास राव ने साउथ के कई बड़े एक्टर्स के साथ काम किया था। महेश बाबू, जूनियर एनटीआर, प्रभाव और अल्लू अर्जुन जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ कोटा श्रीनिवास काम कर चुके हैं।

### कब हुई कॅरियर की शुरुआत?

कोटा श्रीनिवास राव ने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की और फिर धीरे-धीरे फिल्मों की ओर कदम बढ़ाया। 1978 में आई तेलुगु फिल्म 'प्रणम खरीदू' से उन्होंने बड़े पर्दे पर एंट्री की। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और 750 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। उनका अभिनय सिर्फ संख्या तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हर किरदार में उन्होंने अपने अभिनय की गहराई से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई।

### विधायक के तौर पर भी काम किया

फिल्मों के साथ-साथ कोटा श्रीनिवास राव ने राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने 1999 से 2004 तक आंध्र प्रदेश विधानसभा में विजयवाड़ा ईस्ट से विधायक के रूप में जनसेवा की। एक अभिनेता और जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने समाज के अलग-अलग पहलुओं को समझा और उन्हें अपनी कला के जरिए इसे पेश भी किया।

***हिंदी फिल्मों में भी किया काम*** *: कोटा श्रीनिवास राव ने कई हिंदी फिल्मों में काम किया था। उनकी प्रमुख हिंदी फिल्मों में 'सरकार', 'डार्लिंग', 'बागी' और 'लक' जैसी फिल्में शामिल हैं।*

***कोटा श्रीनिवास राव के अवॉर्ड्स*** *: कोटा राव को उनके अभिनय के लिए नौ बार राज्य नंदी पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। 2012 में उन्हें फिल्म 'कृष्णम वंदे जगद्गुरुम' के लिए सीमा पुरस्कार भी मिला। तमिल सिनेमा में भी उन्होंने 2003 में 'सैमी' फिल्म के जरिए खास पहचान बनाई। इसके अलावा उन्हें राष्ट्रपति द्वारा साल 2015 में पद्म श्री अवॉर्ड भी मिल चुका है।*

***किन फिल्मों के लिए मिला अवॉर्ड?*** *: अभिनय की दुनिया में महारत रखने वाले कोटा श्रीनिवास राव को नंदी अवॉर्ड्स के तहत प्रतिघातना (1985) के लिए स्पेशल जूरी अवॉर्ड, गायम (1993), तीरपू (1994), गणेश (1998), चिन्ना (2001) जैसी फिल्मों में विलेन की भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ खलनायक का पुरस्कार और लिटिल सोल्जर्स (1996), आ नालुगुरु (2004), पेलैना कोथालो (2006) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के रूप में सम्मान मिला।*

## खबर संक्षेप



जांजगीर-चांपा। सिंचाई कालोनी जांजगीर में न्यायालयीन कर्मचारी कृष्ण कुमार जगत के घर खिला ब्रम्ह कमल का पुष्प।

### उत्कृष्ट कार्यों के लिए ज्योति को मिला जिला स्तरीय 'पोस्ट ऑफ द मंथ' सम्मान



**चांपा**। शैक्षिक नवाचार, समावेशी शिक्षण विधियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सतत योगदान के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरदा की व्याख्याता श्रीमती ज्योति सराफ को टीम विनोबा की ओर से 'डिस्ट्रिक्ट लेबल पोस्ट ऑफ द मंथ सम्मान' प्रदान किया गया। यह सम्मान जिला कलेक्टर जन्मेजय महोबे के द्वारा प्रदान किया गया। श्रीमती सराफ द्वारा विद्यालय में डिजिटल शिक्षण, नैतिक शिक्षा, कौशल उन्मुख गतिविधियों, दिव्यांगजनों के लिए समावेशी प्रयास, तथा विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने जैसे नवाचारी कार्यों को विशेष रूप से सराहा गया। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे शिक्षा विभाग को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि यह प्रेरणा आगे और बेहतर कार्य करने की दिशा में बल प्रदान करता है।

### सावन मास का प्रथम विषेश हनुमत दर्शन महायोग आज

**जांजगीर-चांपा**। सावन मास के चार मंगलवार भगवान भोलेनाथ महादेव के ग्यारहों रुद्र के अवतारी



रामभक्त हनुमान की मंगलवार को विशेष हनुमत दर्शन महायोग होगा। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 जुलाई प्रथम मंगलवार को हनुमान के इस विषेश हनुमत दर्शन महायोग है। भक्तजन अपने ग्रहदोष बाधा के निवारण के लिए एक सरसो तेल का दीपक लौग युक्त हनुमान जी को दीप दान करें। इस दिवस हनुमान जी का अवश्य दर्शन करें। मंदिर में शाम 7 बजे सेन्दुराभिषेक, 7:30 बजे हनुमान जी की महा आरती तथा रात्रि 8 बजे से सामुहिक सुन्दर काण्ड का पाठ किया जाएगा।

### नगर में सावन के पहले सोमवार को खीर पूड़ी प्रसाद वितरण किया



**देवरी-सारागांव**। सावन माह के पहले सोमवार 14 जुलाई को नगर पंचायत सारागांव में जिला सहकारी बैंक के पास शिव भक्तों द्वारा खीर, पूड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। सुबह से ही शिव भक्त प्रसाद बनाने और व्यवस्था में जुटे रहे। राहगीर, दुकानदार व स्थानीय नागरिकों ने प्रसाद पाकर भगवान शिव का स्मरण किया और भक्तों को धन्यवाद दिया। भक्तों ने बताया कि सावन महीने के पहला सोमवार को प्रसाद भंडारा कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। सावन माह में यह सेवा कार्य जारी रहेगा।

शिवालयों में लगा रहा भक्तों का तांता, कई जगहों पर श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद वितरण

# पहले सोमवार पर भोले नाथ की आराधना में डूबा अंचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

श्रावण मास के पहले सोमवार पर नगर सहित अंचल के शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक सहित पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जिले के खरौद, पीथमपुर, नवागढ़, तुर्रीधाम सहित अन्य शिवालयों में तड़के से लेकर दोपहर तक भगवान शिव की पूजा-अर्चना के अलावा जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक का दौर चलता रहा। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव को श्रावण मास अत्यंत प्रिय है। सोमवार को भगवान शिव का वार माना जाता है। ऐसे में श्रावण मास के सोमवार को भगवान शिव के दुग्धाभिषेक या जलाभिषेक के साथ ही पूजा-अर्चना को अत्यंत फलदायी माना जाता है। 14 जुलाई को सावन के पहले सोमवार पर जिला मुख्यालय जांजगीर के सेंधरवार महादेव, नहरिया बाबा मार्ग स्थित शिव मंदिर के अलावा, चांपा नगर के विभिन्न शिवालयों सहित समीपस्थ ग्राम पीथमपुर के भगवान कलेश्वर नाथ मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने तड़के से लेकर दोपहर तक श्रद्धालुओं विषेशकर महिलाओं का तांता लगा रहा। इसी तरह लक्ष्मणेश्वर धाम खरौद, लिंगेश्वर महादेव नवागढ़, सक्ती के तुर्रीधाम में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। लोगों ने श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा की।



खरौद स्थित लक्ष्मणेश्वर मंदिर में लगी भक्तों की कतार।

## लक्ष्मणेश्वर मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**खरौद**। सावन का पवित्र मास प्रारंभ हो चुका है। सावन का पहले सोमवार पर सुबह से ही लक्ष्मणेश्वर मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। शिव भक्त महादेव को जल व दूध से अभिषेक कर फूलों से श्रृंगार किया। इसके साथ ही शिवालयों में विधिवत पूजा की गई। भक्त बेलपत्र, चंदन, गंगाजल, गाय का कच्चा दूध, भांग, धतूरा आदि का चढ़ावा चढ़ाया। वहीं कांवड़ यात्रा भी प्रारंभ हो चुकी है। बता दें कि पहला सोमवार होने के कारण शिवभक्तों में गजब का उत्साह देखा गया। सभी अपने आराध्य के पूजन-अर्चन के लिए शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। पहले सोमवार पर शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कई स्थानों पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रावण मास का पहले सोमवार पर भक्तों की लंबी-लंबी कतार मंदिरों के बाहर देखने को मिली। छत्तीसगढ़ की कांशी के नाम से विख्यात लक्ष्मणेश्वर शिव मंदिर में सुबह 4 बजे से ही भक्तों ने लाइन लगाना शुरू कर दिया था। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धालु भोले शिव का जलाभिषेक किया। इस वर्ष सावन का पवित्र महीना 11 जुलाई से प्रारंभ हुआ जो 9 अगस्त तक चलेगा। सावन सोमवार के अवसर पर कांवड़िए महानदी से जल लेकर लक्ष्मणेश्वर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

## हर-हर महादेव की नारों से गूंज उठा पारसनाथ धाम



**अकलतरा**। सावन माह के प्रथम सोमवार के अवसर पर ग्राम परसाही नाला स्थित पारसनाथ धाम में क्षेत्र भर के श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। क्षेत्र भर के कांवड़िये बड़ी संख्या में महानदी से जल उठाकर लगभग 45 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए पारस धाम परसाही नाला पहुंचे एवं भगवान शिव को महानदी के जल से अभिषेक किया गया। नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालु सुबह 4 बजे ही पारसनाथ धाम दर्शन के लिए पहुंच गए। पारसनाथ धाम स्थित सूर्य कुंड में श्रद्धालुओं के द्वारा स्नान कर सूर्यकुंड से जल लेकर मंदिर के गर्भ गृह में स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। मान्यता है कि सावन सोमवार पर शिव पूजन करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसके अलावा जीवन में सदैव सुख-समृद्धि वास करती हैं। धर्म की माने तो मां पार्वती सावन सोमवार को भोलेनाथ का उपासना करती थी जो युवती कुंवारी अवस्था में भगवान शिव की उपासना कर जलाभिषेक करती है उनके मनचाहा वर मिलता है और शादीशुदा जनमानस को शिव की कृपा से उनके जीवन में भी धन-धान्य उन्नति प्रगति बनी रहती है।

## अंचल के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**देवरी - सारागांव**। सोमवार 14 जुलाई को सावन के पहले सोमवार के अवसर पर नगर पंचायत सारागांव, ग्राम देवरी, सोनियापाठ, अमरुवा, कुम्हारीकला, कड़ारी, हनुमंता, लछनपुर, बघौदा, कुम्हारीखुर्द, चोरिया, पचोरी सहित अनेक गांव के शिवालय के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही। सावन का महीना भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए विशेष महत्व रखता है, और इस दिन को विशेष रूप से शिवभक्त बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाते हैं। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखी जा सकती हैं। पूजा के लिए भक्तगण जल, बेलपत्र, धतूरा, दूध, और अन्य पूजा सामग्री लेकर मंदिरों में पहुंचे। शिवालय के पुजारियों के अनुसार, इस दिन की पूजा से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कई गांव के शिव मंदिरों में विशेष आरती और भंडारे का आयोजन किया गया है। कुछ मंदिरों में रात भर शिवभजनों का आयोजन भी किया गया। सावन के पहले सोमवार की इस भक्तिपूर्ण माहौल में हर ओर 'हर हर महादेव' के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है, और शिवभक्त भगवान शिव के आशीर्वाद की प्राप्ति के लिए श्रद्धा से नतमस्तक हो रहे हैं।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने धूमधाम से मनाया गुरू पूर्णिमा उत्सव



**राहौद**। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ स्वामी विवेकानंद संयुक्त शाखा द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित किया गया । गुरु पूर्णिमा उत्सव में मुख्यवक्ता लक्ष्मीनारायण सोनी सह कार्यवाह कोरबा एवं अध्यक्षता सुरेश साहू प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर राहौद रहे। मुख्यवक्ता लक्ष्मीनारायण सोनी ने भारत के मिल इतिहास पर प्रकाश डालते हुए मुगल आक्रांताओं के द्वारा किए गए आक्रमणों एवं हिंदू समाज, संस्कृति, साहित्य और शिक्षा पद्धति पर किए गए हमलों और वर्तमान समाज के ऊपर मैकाले के काली शिक्षा सिद्धांत का क्या दुष्प्रभाव पड़ा और उन हमलों और काली शिक्षा पद्धति आज हमारे व्यवहार , संस्कार और समाज को कितना कुप्रभावित किया है पर विस्तृत जानकारी देते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों को राष्ट्र के प्रति उनके उत्तरदायित्वों का बोध कराया साथ ही गुरु पूर्णिमा उत्सव क्यों मनाया जाता है गुरु की महत्ता क्या है पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उपरोक्त कार्यक्रम में धीरेन्द्र नाथ योगी, हर्ष राज पटेल, अमन ध्रुव, सुनील गुप्ता, अमित अनंत, ऋषभ नाथ योगी, राखी राम सोनी, आकाश सोनी, विद्यालय के आचार्यों सहित सैकड़ों की संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## अमोरा में चलाया गया पर्यावरण जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

वेल विशर फाउंडेशन समाजिक संस्था द्वारा शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल अमोरा में छात्र छात्राओं व शिक्षकों के बीच पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का

■ पौधारोपण को प्राथमिकता देने के लिए किया गया प्रेरित

आयोजन डी ए वी के पूर्व प्राचार्य पंकज केसरी, वेल विशर फाउन्डेशन के सचिव चिराग शर्मा सदस्य दीपक साहू, आशीष मिश्रा, संजय यादव, नवल किशोर पांडे, पुरबल देवांगन के आतिथ्य में किया गया।

सम्बोधित करते हुए पंकज केसरी ने कहा कि वेल विशर फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण को ले कर जागरूकता कार्यक्रम एक अच्छी सोच है। आज हमारा समाज पर्यावरण के प्रति सजग नही है। यदि हम जागरूक नही हुए तो आने वाली पीढ़ी को उसका दुष्परिणाम



पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं, स्कूल स्टाफ व फाउंडेशन के पदाधिकारी।

झेलना होगा। वेल विशर फाउंशन के सचिव चिराग शर्मा ने छात्र छात्राओं को पेड़ के महत्व के बारे में बताया कि एक पेड़ से हमे फल फूल लड़की के अलावा और भी बहुत से फायदे देते है। एक पेड़ 1 साल में 1 लाख लीटर ऑक्सीजन देता है। साथ ही प्लास्टिक के चीजो का उपयोग कम से कम करने को कहा।वेल विशर फाउन्डेशन के दीपक साहू ने वेल विशर फाउंडेशन को उनके लगातार समाज के लिए कर रहे अच्छे कार्य के लिए योगदान एवं कैरियर मार्गदर्शन व पर्यावरण के लिए जागरूकता की सराहना की। स्कूल के व्याख्याता नवल किशोर पांडे ने बच्चो को कम से कम एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया व उनको बड़ा करने को कहा। कार्यक्रम का संचालन शाला के कार्यक्रम अधिकारी संजय यादव व आभार प्रदर्शन पुराबल प्रसाद देवांगन ने किया। कार्यक्रम में शिक्षिका मीना राय,ललिता साहू, सुलेखा आदिले व वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह, कोषाध्यक्ष रंजना सिंह, सदस्य दीपक साहू, मोहन कश्यप,सतीश मनीपुरी, सौरभ सिंह,श्रीपाल सिंह, शरद सिंह, गौतम साहू उपस्थित थे।

## सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा के आगमन पर 151 महिला करेंगी महामंगल आरती

**सक्ती**। श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का मंगलवार 15 जुलाई को नगर आगमन होगा । रथ यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत के अलावा भागवताचार्य राजेंद्र शर्मा, पं.रामकृष्ण दास शास्त्री, जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शालू पहवा, श्री सिद्ध हनुमान मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश वैष्णव, सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता दिगंबर चौबे, गौ सेवा समिति से मयंक ठाकुर, नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.डी.डी. मिश्रा, चंद्रपुर पदयात्रा समिति से श्याम अग्रवाल, वार्ड नंबर 11 के पार्षद श्रीमती उर्मिला कश्यप, गायत्री परिवार से प्रेमचंद श्रीवास्तव, वार्ड नंबर 12 के पार्षद श्रीमती विजिया देवांगन, माधव मेडिकेयर के चिकित्सक डॉ. ऋषि अग्रवाल अतिथि के रूप में शामिल रहेंगे। रथ यात्रा के आगमन पर श्री सत्य साई सेवा समिति के 151 महिलाओं द्वारा रथ में सवार भगवान श्री सत्य साई बाबा का स्वागत पूजा एवं दर्शन उपरांत महामंगल आरती की जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का सम्मान के उपरांत श्री सत्य साई सेवा समिति सक्ती द्वारा नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए साई मंगल भवन पहुंचेगी। वही शोभा यात्रा के उपरांत संगठन द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया है, जिसमें सभी भक्तजन प्रसाद ग्रहण करेंगे। संगठन के वरिष्ठ सदस्य एवं राज्य के विद्या ज्योति प्रभारी अमित शर्मा ने बतलाया कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है। व्यक्तियों को वैश्विक आधार पर शान्ति और सेवा के लिये प्रोत्साहित करेगी।

## विधिक साक्षरता से मिलेगा अधिकारों का ज्ञान : शिवहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम स्कूल सक्ती में सोमवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश

■ स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

प्रशांत कुमार शिवहरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को संविधान, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं विधिक सहायता की उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी देना था। न्यायाधीश श्री शिवहरे ने अपने संबोधन में कहा कि विधिक साक्षरता समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए आवश्यक है। विशेषकर युवाओं के लिए, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और समय आने पर विधिक उपायों का




शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारी देते न्यायाधीश।

सहारा ले सकें। साथ उन्होंने बताया जहां अधिकार होता है उसे लागू करने के लिए कानून की आवश्यकता होती है। उन्होंने संविधान के मूलभूत सिद्धांतों, कानून के समक्ष समानता, बाल अधिकार, साइबर अपराध जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को सरल भाषा में जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आर के अग्रवाल, साथी शिक्षकगण सूरज सिंह राजपूत, श्री राजीव, सरिता ,आरती, पूजा, दीपिका, कोर्ट स्टॉफ़ प्रदीप केवट और पैरालीगल वालेंटियर मनीष साहू उपस्थित रहे।

## कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाली सरपंच को दिखाया बाहर का रास्ता

**बहेराडीह**। निर्वाचित सरपंच के मृत्यु के बाद चुने गये स्थानापन्न सरपंच द्वारा पांच माह बाद भी कार्यभार ग्रहण नहीं करने एवं शासकीय कार्य में रूचि नहीं लेने की शिकायत पर चाम्पा एसडीएम के निर्देश पर हटाया गया और उसके जगह पर निर्वाचित महिला पंच को ही स्थानापन्न सरपंच बनाया गया। मामला बलौदा ब्लॉक के जाटा पंचायत की है। इस सम्बन्ध में सचिव जमुना सिंह नेताम ने बताया कि जाटा पंचायत से श्रीमती भगवती मरकाम सरपंच निर्वाचित हुई थीं। पदभार ग्रहण करने से पहले ही उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गईं। इस बीच 17 मार्च को वार्ड क्रमांक 5 की महिला पंच श्रीमती रामेश्वरी मरकाम को छः माह के लिए आगामी उप चुनाव तक स्थानापन्न सरपंच निर्वाचित पंचो ने चुना। लेकिन उन्होंने पांच माह बीत जाने के बाद भी न तो कार्यभार ग्रहण किया और न ही शासकीय कार्य में रूचि दिखाई। ऐसे में पंचो के शिकायत पर चाम्पा एसडीएम ने पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत बने नियमों के तहत स्थानापन्न सरपंच श्रीमती रामेश्वरी मरकाम को हटाने की कार्यवाही किया गया और उनके स्थान पर निर्वाचित पंचो ने जाटा पंचायत के आश्रित गाँव बहेराडीह की महिला पंच श्रीमती चन्द्रकला कश्यप को स्थानापन्न सरपंच चुना है।

## जांजगीर नगर में हुआ सोलर पैनल का इंस्टॉलेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

नगर के शिवराम आशीर्वाद कालोनी में हेमंत राठौर के निवास में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से पांच किलोवॉट, सतविंदर सिंह भाटिया शारदा चौक के ट्रैक्टर एजेंसी में दस किलो वाट कमर्शियल सोलर पैनल शारदा कंस्ट्रक्शन द्वारा इंस्टॉल किया गया। दिनोदिन सोलर ऊर्जा के प्रति जागरूकता और उत्सुकता बढ़ रही है।

सोलर से बिजली उत्पादन केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण कार्य योजना है। सोलर से बिजली उत्पादन में बढ़ोत्तरी से ताप विद्युत संयंत्रों पर निर्भरता घटेगी जिससे ताप संयंत्रों से उत्सर्जित होने वाली कार्बन डाइ ऑक्साइड में कमी आएगी पर्यावरण शुद्ध होगा। इस योजना को



सोलर पैनल के साथ हितग्राही।

प्रोत्साहित करने हेतु केंद्र सरकार पहले ही तीन किलोवॉट के सोलर पैनल इंस्टॉल करने के लिए 78 हजार की सब्सिडी ग्राहकों को दे रही थी। वर्तमान में राज्य सरकार ने भी 25 अप्रैल से सिंक्रोनाइज हुए पैनल पर 30 हजार सब्सिडी का आदेश जारी किया है, जिससे सोलर पैनल स्थापित कराने वाले ग्राहकों को दोहरा लाभ मिल रहा है। बिजली बिल से राहत और कम खर्चे में सोलर पैनल का इंस्टॉलेशन हो रहा है। सीएसपीडीशियल के एसी अमर चौधरी ने बताया कि जिले में सोलर पैनल इंस्टॉलेशन को बढ़ाने हेतु विद्युत विभाग के अधिकारियो और अधिकृत वेंडरो की संयुक्त मीटिंग लेकर उनको मार्गदर्शन दिया गया है। अधिक्षण यंत्री ए.के. भारद्वाज ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेकर ग्राहक स्वय बिजली उत्पादन कर रहे है और बिजली बिल के खर्चे से निजात पा रहे है। नगर में इंस्टॉल दोनों कनेक्शन का सिंक्रोनाइज एई सौरभ कश्यप और उसके टीम ने किया ।

